LECTURE - 2

Vishal
V.S.J. College

BA - 2
PAPER - 3

भारत की जनसंख्या वृद्धि, वितरण एवं घनत्व

1. धीमी वृद्धि की अवस्था → भारत की जनसंख्या 1921 के पूर्व धीमी गति से बढ़ रही थी और 1911 तथा 1921 के बीच महामारी के कारण (प्लेग, हैजा आदि) जनसंख्या में कमी भी आ गयी थी। 1921 के बाद जनसंख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। इसलिए 1921 को भारत के जनांकिकी का 'महान विभाजक वर्ष' भी कहा जाता है।

2. निरंतर वृद्धि की अवस्था → भारत की जनसंख्या में 1921 तथा 1951 के मध्य निरंतर वृद्धि हुई। इसका प्रमुख कारण स्वास्थ्य सेवाओं का विकास था जिसके फलस्वरूप प्लेग, हैजा, मलेरिया आदि महामारियों के कारण होने वाली मौतें घट गयी और स्वच्छता व चिकित्सा सुविधाएँ बेहतर हो गयी। खाद्यान्न उत्पादन में सुधार हुआ और परिवहन साधनों के विकास द्वारा खाद्यान्नों की कमी से उत्पन्न संकट पर काबू पाया जा सका। परिणामस्वरूप मृत्यु दर में तो कमी आयी पर जन्म दर ऊँची ही बनी रही। इसे मृत्यु प्रेरित वृद्धि कहा गया है।

3. तीव्र वृद्धि की अवस्था → 1951 से 1981 की अवधि अभूतपूर्व वृद्धि की अवधि है। इस अवधि में औसत वृद्धि दर लगभग 2.2% थी। यह जनसंख्या विस्फोट की स्थिति है। इस अवधि में भारत की जनसंख्या लगभग दोगुनी हो गयी थी। यह वृद्धि विकास कार्यों में तेजी तथा चिकित्सा सुविधाओं में और अधिक सुधार के कारण हुई। इन कारणों से जन्म दर की तुलना में मृत्यु दर तेजी से घटी और अति उच्च प्राकृतिक वृद्धि दर बनी रही। इस प्रकार यह

PAGE NO :
DATE :

प्रजनन प्रेरित वृद्धि वर्ती।

4. घटती वृद्धि की अवस्था → जनसंख्या में 1981 के बाद उच्च वृद्धि हुई है, लेकिन वृद्धि दर में क्रमिक ह्रास हुआ है। इस अवधि में जन्मदर तेजी से घटी। यह 1981 में 34 प्रति हजार थी जो 1999 में घटकर 26 प्रति हजार हो गयी। मृत्यु दर में घटने की प्रवृत्ति बनी रही लेकिन कमी की दर धीमी हो गयी। जनसंख्या में ह्रास की यह प्रवृत्ति संतति निरोध के सरकारी प्रयत्नों और लोगों के छोटे परिवार के प्रति अपने रुझान का सकारात्मक संकेत है।

भारत : जनसंख्या वृद्धि : 1901 - 2001

जनगणना वर्ष	जनसंख्या (करोड़ में)	कुल परिवर्तन (करोड़ में)	परिवर्तन (प्रतिशत में)	औसत वार्षिक वृद्धि (प्रतिशत में)
1901	23.84	—	—	—
1911	25.2	1.37	5.75	0.56
1921	25.13	–0.7	–0.31	–0.03
1931	27.89	2.76	11.00	1.04
1941	31.86	3.96	14.22	1.33
1951	36.1	4.24	13.31	1.25
1961	43.92	7.81	21.64	1.96
1971	54.81	10.89	24.8	2.20
1981	68.33	13.51	24.66	2.22
1991	84.33	16.3	23.86	2.14
2001	102.7	18.06	21.34	1.93

Scanned with CamScanner